हादसे

दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं से दहल उठा घुघरी, गंभीर घायल जबलपुर रेफर

# बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, तीन घायल







**घुघरी, नवभारत।** जिले के घुघरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीन अन्य युवक घायल हुए हैं। घायलों में से एक की हालत नाजुक होने के कारण उसे प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर किया गया है, वहीं अन्य का उपचार जिला अस्पताल मण्डला में जारी है।

जानकारी अनुसार पहली घटना घुघरी-मोहगांव मार्ग पर ग्राम कुमहर्रा और मलवाथर के बीच घटित हुई। यहाँ दो बाइकों के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। एक बाइक पर सवार ग्राम चाबी निवासी मुनेंद्र मरावी (17) और प्रेमकुमार अहिरवार (20) घुघरी की ओर जा रहे थे, तभी सामने से आ रहे राहुल धुर्वे (25) की बाइक से उनकी सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवक लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल घुघरी स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया गया, जहाँ से उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। दुर्भाग्यवश, जिला अस्पताल पहुँचने से पहले ही राहुल धुर्वे (25) की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल मुनेंद्र मरावी को बेहतर इलाज के लिए जबलपुर भेजा गया है, जबकि प्रेमकुमार अहिरवार का उपचार मण्डला आईसीयू में चल रहा है।

### सिंगनपुरी रोड पर अनियंत्रित होकर पलटी बाइक

दूसरी दुर्घटना सिंगनपुरी रोड पर हुई। यहाँ सुरेहली कचरा टोला निवासी राकेश तिलगाम (20) अपनी दादी को छोड़कर वापस गाँव लौट रहा था, तभी उसकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में राकेश को गंभीर चोटें आई हैं। उसे भी स्थानीय लोगों की मदद से पहले घुघरी और फिर जिला अस्पताल मण्डला रेफर किया गया, जहाँ फिलहाल उसका इलाज जारी है। प्रशासन और पुलिस ने इन घटनाओं के बाद वाहन चालकों से सावधानीपूर्वक और नियंत्रित गति में वाहन चलाने की अपील की है।

# जर्जर दीवारों पर उगते पेड़ दे रहे हादसे को न्यौता

महिला बाल विकास कार्यालय के बाजू में खड़ा खंडहर, कभी भी हो सकती है जनहानि



**नैनपुर।** नैनपुर का पुराना कोषालय भवन वर्तमान में अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। स्थानीय विधायक के कार्यकाल के दौरान कोषालय को मंडला स्थानांतरित कर दिया गया था, जिसके बाद से यह भवन लावारिस स्थिति में छोड़ दिया गया है। उचित रखरखाव के अभाव में अब यह भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है, जो कभी भी किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है।

भवन की स्थिति इतनी खराब है कि इसकी छतों और दीवारों पर बड़े-बड़े पेड़ निकल आए हैं, जिससे ढांचा पूरी तरह कमजोर हो चुका है। चूंकि यहां अब किसी कार्यालय का संचालन नहीं होता, इसलिए प्रशासन ने भी इसकी मरम्मत या इसे सुरक्षित तरीके से हटाने की ओर से अपनी आंखें मूंद ली हैं।

### लोगों की जान पर मंडरा रहा खतरा

सबसे गंभीर चिंता की बात यह है कि इस जर्जर भवन के ठीक बाजू में महिला बाल विकास कार्यालय और लोक सेवा केंद्र नैनपुर संचालित हो रहे हैं। इन कार्यालयों में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, बच्चे और आम नागरिक अपने काम के सिलसिले में आते हैं। यदि यह जर्जर भवन अचानक धराशाई होता है, तो यहां मौजूद लोगों की जान जाना निश्चित है।

### प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन किसी बड़ी अनहोनी के इंतजार में बैठा है। अधिकारियों की इस लापरवाही को लेकर क्षेत्र में भारी रोष है। ग्रामीणों का कहना है कि क्या प्रशासन तभी जागेगा जब कोई रस्म अदायगी के लिए बड़ा हादसा हो जाएगा? क्या प्रशासन को किसी की जान की कीमत मंजूर है। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन से तत्काल मांग की है कि इस जर्जर भवन का निरीक्षण कर इसे ध्वस्त कराया जाए या सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, जिससे भविष्य में होने वाली किसी भी संभावित जनहानि को रोका जा सके।

# युवाओं की भागीदारी से मजबूत होगा संगठन : घनघोरिया

युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष यश लखन घनघोरिया का नारायणगंज में स्वागत



**नारायणगंज।** मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष यश लखन घनघोरिया के प्रथम आगमन पर ब्लॉक नारायणगंज में जोरदार आतिथ्य सत्कार किया गया। नगर की सीमा में प्रवेश करते ही युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह और जोश के साथ अपने प्रदेश नेतृत्व का अभिनंदन किया। विधानसभा अध्यक्ष रितेश सोनी और प्रिंस अग्रवाल ने प्रदेश अध्यक्ष का फूल माला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान नारायणगंज बस स्टेंड क्षेत्र कांग्रेस जिंदाबाद के नारों से गूंजायमान हो गया।

कार्यक्रम के दौरान यश लखन घनघोरिया ने नारायणगंज बस स्टैंड स्थित सुप्रसिद्ध हनुमान मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद उन्होंने स्थानीय कार्यकर्ताओं से आत्मीय मुलाकात की। उन्होंने कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके साथ क्षेत्रीय ज्वलंत मुद्दों पर विस्तार से चर्चा भी की।

### संगठन की मजबूती पर दिया जोर

इस अवसर पर आयोजित बैठक में संगठन को धरातल पर मजबूत करने और आगामी समय में युवाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने को लेकर रणनीति तैयार की गई। प्रदेश अध्यक्ष ने युवाओं को क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहने का आह्वान किया। इसके साथ ही प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी चुनाव और संगठन की मजबूती के लिए पूरी ऊर्जा के साथ एक जुट होने का आव्हान किया है।

### इनकी रही उपस्थिति

इस आयोजन में विधानसभा अध्यक्ष रितेश सोनी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नारायणगंज अध्यक्ष एडवोकेट राजुल ज्योतिषी, प्रिंस अग्रवाल, वसीम अकरम, सुमित सोनी, विवेक सोनी, मनीष बर्मन, विपिन सोनी, संदीप तिवारी, राजूलाल सिंगरौरे, सौरभ साहू, हिरदेश साहू, बंटू सेन, अवधेश सिंगरौरे सहित अनेक युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके साथ ही वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं में मांगन लाल सोनी, रघुनंदन विश्वकर्मा, बलराम साहू, रूपेश अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे।


# मेधावी छात्र वेदांत ठाकुर ने बढ़ाया क्षेत्र का मान



**नारायणगंज।** नारायणगंज जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम पड़रिया नारायणगंज के एक होनहार छात्र ने अपनी प्रतिभा के दम पर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वेदांत ठाकुर के पिता विजेंद्र ठाकुर और माता सोनम ठाकुर ने बेटे की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त किया है। वेदांत ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपनी कड़ी मेहनत, नियमित पढ़ाई और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है। छात्र की सफलता पर रेड ब्रिज इंग्लिश मीडियम स्कूल के समस्त शैक्षणिक स्टाफ और प्राचार्य ने प्रसन्नता व्यक्त की है। विद्यालय परिवार ने वेदांत के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर इसी तरह सफलता की ऊंचाइयों को छूने का आशीर्वाद दिया है। इस उपलब्धि की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने भी बालक की सराहना की है।

# अवैध शराब को लेकर ग्रामीणों ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

पुलिस की भूमिका पर उठे सवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष और सरपंच ने घेरा थाना, दी उग्र आंदोलन की चेतावनी



**बीजाडांडी।** जनपद पंचायत बीजाडांडी के अंतर्गत आने वाले दर्जनों गांवों में अवैध शराब की खुलेआम बिक्री से ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे गया है। अवैध शराब के बढ़ते कारोबार और युवा पीढ़ी के नशे की गर्त में डूबने से नाराज भाजपा मंडल अध्यक्ष और बीजाडांडी सरपंच के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि पूरे बीजाडांडी जनपद की 42 पंचायतों और 138 गांवों के लिए केवल एक ही शराब दुकान अधिकृत है, जो बीजाडांडी मुख्यालय पर स्थित है। इसके बावजूद उदयपुर, डोभी, धनवाही, मनिकसरा, कालपी, पौड़ी और भैसवाहि जैसे गांवों में चाय-पान के टपरों और किराना दुकानों में बेखौफ होकर अंग्रेजी और देसी शराब बेची जा रही है।

### हादसों और नशे की गिरफ्त में युवा

नशे के इस अवैध कारोबार के कारण नई उम्र के युवक शराब के आदि हो रहे हैं। शराब पीकर वाहन चलाने के कारण क्षेत्र में आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिनमें कई युवा अपनी जान गंवा चुके हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि शराब की सप्लाई करने वाले मुख्य सरगनाओं पर कार्रवाई की जाए ताकि इस धंधे पर अंकुश लग सके।

### पुलिस की कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में

ग्रामीणों ने सीधे तौर पर बीजाडांडी पुलिस पर मिलीभगत के गंभीर आरोप लगाए हैं। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि पुलिस केवल दिखावे के लिए कभी-कभार छोटे-मोटे केस बनाकर खानापूर्ति कर देती है, जिससे अवैध विक्रेताओं के हौसले बुलंद हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जबलपुर और मंडला से चार पहिया एवं दो पहिया वाहनों के जरिए शराब की बड़ी खेप इन गांवों तक पहुंचाई जाती है, लेकिन मुख्य सप्लायरों तक पहुंचने में पुलिस आज भी नाकाम है।

### ये रहे मौजूद

थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष, बीजाडांडी सरपंच डुमारी लाल कुम्हरे, उपसरपंच राजेश तिवारी, सफर भाईजान, राहुल सिसोदिया, रवि झारिया सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।





# कतिया समाज के निर्वाचन में चित्रसेन निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित

**घुघरी, नवभारत।** महाराजपुर कतिया समाज धर्मशाला महाराजपुर में आज दिनांक 7 अप्रैल को समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक और निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न हुई। इस दौरान समाज के विकास और संगठन की मजबूती के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

इस चुनाव प्रक्रिया में राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार महले की गरिमामयी उपस्थिति में सर्वसम्मति से चित्रसेन कार्तिकेय को निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही प्रेमलाल जबरिया को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

वहीं कार्यकारिणी का विस्तार कर संगठन को गति देने के लिए अन्य महत्वपूर्ण पदों पर भी नियुक्तियां की गई जिनमें सचिव संतोष भारद्वाज, कोषाध्यक्ष अमुरारी लाल लहंगरे, मीडिया प्रभारी डैनी ठाकुर, महामंत्री गना राम गायक एवं श्री परस राम अर्सिया को बनाया गया। वहीं समाज के वरिष्ठ जनों को संरक्षक मंडल में शामिल किया गया है, जिनमें अयोध्या प्रसाद ठाकुर, नरेंद्र कुमार शिव, खुब्बी लाल नायक, निरंजन कार्तिकेय, मदन मोहन गोयल और हीरा लाल अर्सिया के नाम शामिल हैं।

इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों ने समाज के हित में कार्य करने और संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प लिया। इस मौके पर बड़ी संख्या में सामाजिक बंधुओं ने उपस्थित होकर नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं।

# पौधों की देखभाल और प्रबंधन के सीखे गुर

नारायणगंज सीईओ के मार्गदर्शन में कृषि सखियों और रोजगार सहायकों को मिला प्रशिक्षण



**नारायणगंज।** शासन के निर्देशानुसार पर्यावरण संरक्षण और पौधारोपण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनपद पंचायत नारायणगंज में एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मां की बगिया योजना अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में सीईओ श्रद्धा सोनी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को पौधारोपण की बारीकियों से अवगत कराया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदान संस्था से अभिलाष सिंह, आजीविका परियोजना से श्रुति सागर उपाध्याय, उद्यानिकी विभाग से वरिष्ठ कृषि अधिकारी भारती जी उपस्थित होकर तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया।

**रखरखाव और सुरक्षा पर दिया जोर**-प्रशिक्षण का मुख्य केंद्र बिंदु केवल पौधारोपण करना ही नहीं, बल्कि उसके बाद पौधों का उचित रखरखाव सुनिश्चित करना रहा। विशेषज्ञों ने सिंचाई प्रबंधन, मिट्टी की उर्वरता और कीटों से सुरक्षा के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पौधों की नियमित देखभाल और समय पर किए गए संरक्षण उपायों से ही योजना के बेहतर और स्थायी परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। कार्यक्रम में आजीविका परियोजना की कृषि सखियों, ग्राम रोजगार सहायकों और जनपद स्तरीय अधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रशिक्षण के अंत में सीईओ श्रीमती श्रद्धा सोनी ने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मां की बगिया योजना को एक जन-अभियान का रूप दें और ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक पौधारोपण सुनिश्चित करें।

# कौरगांव के ग्रामीणों को तहसीलदार का नोटिस, कलेक्टर से लगाई गुहार

तहसील न्यायालय ने जारी किए कारण बताओ नोटिस, ग्रामीणों ने पेश किये सन् 1926 के दस्तावेज




**कौरगांव।** ग्राम कौरगांव के हल्का पटवारी 89 समेत क्षेत्र के अन्य हल्का में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण को लेकर प्रशासन और ग्रामीणों के बीच विवाद गहराता जा रहा है। तहसीलदार मंडला द्वारा मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 248 के तहत कई ग्रामीणों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं, जिससे ग्रामीणों में हड़कंप और भविष्य को लेकर चिंता की स्थिति बनी हुई है।

जानकारी अनुसार राजस्व विभाग की कार्रवाई हल्का पटवारी की रिपोर्ट पर आधारित है, जिसमें कहा गया है कि कौरगांव क्षेत्र में शासकीय भूमि पर अवैध रूप से गेहूं की फसल बोकर अतिक्रमण किया गया है। इसी आधार पर तहसील न्यायालय ने ग्रामीणों से स्पष्टीकरण मांगा है कि उनके विरुद्ध बेदखली की कार्रवाई क्यों न की जाए। नोटिस जारी होने के बाद ग्रामीण किसानों ने मंडला तहसीलदार को वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि इस क्षेत्र में रहने वाले किसान करीब 100 वर्षों से यहां निवासरत है और यहीं खेती किसानी कर अपना और अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे है।

### पीढ़ी दर पीढ़ी का चला आ रहा कब्जा

इस नोटिस के विरोध में ग्रामीणों ने जनसुनवाई में पहुंचकर मंडला जिला कलेक्टर को अपनी व्यथा बताई। आवेदक लीलाधर पिता स्वर्गीय बाजारी कछवाहा, मीनू कछवाहा, भल्लू कछवाहा और अन्य ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में अपना पक्ष रखते हुए बताया कि वे इस भूमि पर आज से नहीं, बल्कि उनके पूर्वज सन् 1926 से काबिज हैं। उन्होंने दस्तावेजों का हवाला देते हुए कहा कि इसी भूमि पर खेती कर उनकी कई पीढ़ियां जीविकोपार्जन करती आ रही हैं।

### ग्रामीणों ने की स्थायी पट्टे की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि वे वर्षों से इस भूमि पर मेहनत कर रहे हैं और यही उनके जीवनयापन का एकमात्र सहारा है। उन्होंने मांग की है कि तहसीलदार द्वारा जारी किए गए नोटिसों पर रोक लगाई जाए। इसके साथ ही मानवीय आधार पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए उन्हें उक्त भूमि का स्थायी पट्टा प्रदान किया जाए। इस मामले में ग्रामीणों ने कहां है कि यदि उन्हें उनकी पुश्तैनी खेती की जमीन से बेदखल किया जाता है, तो उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो जाएगा। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि उन्हें इस खेती भूमि का स्थाई पट्टा दिया जाए।






# तपती गर्मी से राहत देने एबीवीपी ने किया जल मंदिर का शुभारंभ

**अंजनिया।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए रानी दुर्गावती महाविद्यालय में जल मंदिर (नि:शुल्क प्याऊ) का शुभारंभ किया गया। बढ़ती गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए विद्यार्थियों और आमजन को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह पहल की गई है।

एबीवीपी के विकासार्थ विद्यार्थी और सेवार्थ विद्यार्थी गतिविधि के कार्यकर्ताओं द्वारा इस वर्ष भी शहर के प्रमुख स्थानों पर पेयजल व्यवस्था का संचालन किया जा रहा है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि जब भी समाज को संगठन की आवश्यकता होती है, विद्यार्थी परिषद पूर्ण सहयोग के लिए तत्पर रहती है।

### प्राचार्य ने किया शुभारंभ

आयोजित इस सेवा कार्य का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य के कर-कमलों द्वारा किया गया। उन्होंने परिषद के इस जनहितैषी कार्य की सराहना करते हुए कहा कि शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ समाज सेवा के ऐसे प्रकल्प छात्रों में सेवा भाव जागृत करते हैं। इस अवसर पर एबीवीपी के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। परिषद के कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया है कि आने वाले दिनों में शहर के अन्य व्यस्ततम चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर भी इसी तरह की नि:शुल्क पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।